# सीरीज में बढ़त बनाने दिखेगा दम

## भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टी20 धर्मशाला में आज





**धर्मशाला, 13 दिसंबर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की पहाड़ियों के बीच रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला तीसरा अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबला केवल एक मैच नहीं, बल्कि पूरी सीरीज की दिशा तय करने वाली जंग साबित हो सकता है।

पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है और ऐसे में दोनों टीमें इस मुकाबले को जीतकर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पहले मैच में भारत की शानदार जीत के बाद दूसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका की जोरदार वापसी ने सीरीज को रोमांचक मोड़ दे दिया है। धर्मशाला का मैदान अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए भी जाना जाता है। ऊंचाई पर स्थित इस स्टेडियम में तेज गेंदबाजों को स्वाभाविक उछाल और स्विंग मिलती है, जबकि छोटी बाउंड्री बल्लेबाजों को आक्रामक शॉट खेलने का मौका देती हैं। यहां पहली पारी का औसत स्कोर करीब 187 रन है और शाम के समय ओस की भूमिका भी अहम मानी जा रही है। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुन सकती है।

- 5 मैचों की सीरीज 1-1 से है बराबर, आज का मैच बनेगा टर्निंग प्वाइंट
- दोनों टीमों की बल्लेबाजी गहराई और गेंदबाजी संतुलन पर रहेगी नजर

भारतीय टीम की बात करें तो बल्लेबाजी ने अब तक मिले-जुले संकेत दिए हैं। शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी जरूर रही है, लेकिन मिडिल ऑर्डर ने टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकाला है। पहले दो मैचों में शुरुआती झटकों के बाद तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या ने जिम्मेदारी संभाली और रन गति को बनाए रखा। टीम प्रबंधन को उम्मीद होगी कि इस मुकाबले में शीर्ष क्रम बेहतर तालमेल दिखाएगा। अभिषेक शर्मा भारत की रणनीति का अहम हिस्सा बने हुए हैं।

पावरप्ले में तेज शुरुआत देने की उनकी क्षमता विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बना सकती है। वहीं, सीनियर बल्लेबाज शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव पर बड़ी जिम्मेदारी होगी कि वे अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील करें।

### पावरप्ले और डेथ ओवरों में बढ़त दिला सकते हैं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज

दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछले मुकाबले की जीत से जबरदस्त आत्मविश्वास में है। बल्लेबाजी में क्विंटन डी कॉक ने आक्रामक अंदाज में पारी खेलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई थी और एक बार फिर उनसे ऐसी ही उम्मीद होगी। कप्तान एडन मारक्रम भी पारी को संभालते हुए टीम को स्थिरता देने की कोशिश करेंगे। डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर और डोनोवन फरेरा जैसे बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी को गहराई और ताकत प्रदान करते हैं। गेंदबाजी में ओटनील बार्टमैन पिछले मैच में चार विकेट लेकर उभरे और वह एक बार फिर भारत के बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं। मार्को यानसन की अतिरिक्त बाउंस और लुंगी एनगिडी की रफ्तार दक्षिण अफ्रीका को पावरप्ले और डेथ ओवरों में बढ़त दिला सकती है। कुल मिलाकर, दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी इकाई संतुलित नजर आ रही है। सीरीज में बढ़त लेने की होड़ ने इस मुकाबले का महत्व कई गुना बढ़ा दिया है। भारत घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर दबदबा बनाना चाहेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका अपनी जीत की लय को कायम रखते हुए मेजबानों पर दबाव बनाए रखने के इरादे से उतरेगा।

# पाक की बेइज्जती, आईसीसी से खफा पीसीबी

## टिकट बिक्री के लिए जारी किए पोस्टर से पाकिस्तान के कप्तान का फोटो गायब

**नई दिल्ली 13 दिसंबर.** एक बार फिर विश्व क्रिकेट में पाकिस्तान की सरेआम बेइज्जती हुई है. इस वजह से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से खफा भी है. रअसल, पीसीबी अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में अपने कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर न होने से आईसीसी से नाखुश है.

- 2026 टी20 विश्व कप से जुड़ा है मामला

### प्रचार पोस्टर में 5 कप्तानों की फोटो




पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र के हवाले से बताया कि इस मामले को आईसीसी के समक्ष उठाया गया है, क्योंकि प्रचार पोस्टर में केवल पांच कप्तानों की तस्वीर है. इसमें सूर्यकुमार यादव (भारत), एडेन मार्करम (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया), दासुन शनाका (श्रीलंका) और हैरी ब्रुक (इंग्लैंड) शामिल हैं. रिपोर्ट में सूत्र ने आगे कहा, महीने पहले एशिया कप के दौरान भी हमें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा था. उस समय प्रसारकों ने हमारे कप्तान की तस्वीर के बिना ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया था.ध उन्होंने बताया कि पीसीबी की एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से बात करने के बाद ही स्थिति में बदलाव आया. उन्होंने कहा कि इस बार भी हमें ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आईसीसी ने टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में हमारे कप्तान की तस्वीर नहीं लगाई है. भले ही पाकिस्तान आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पांच टीमों में शामिल न हो, लेकिन उसका एक समृद्ध इतिहास है और वह विश्व कप में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली टीमों में से एक है.

# भारत ने एशियाई युवा पैरा गेम्स में जीते 17 पदक

**दुबई, 13 दिसंबर** भारतीय पैरा एथलीटक दल ने एशियाई युवा पैरा गेम्स दुबई 2025 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 17 पदक जीतकर शनिवार को अपने अभियान का समापन किया। दुबई में भारत ने आठ स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक जीते। आठ खेलों में भारतीय एथलीटों ने भाग लिया। जतिन आजाद और शिवम यादव एमडी- एसयू 5, जतिन आजाद एमएस एसयू-5, शिवम यादव और तुलिका जाधव एक्सडी - एसयू5 और एसएल 3, हर्षित चौधरी और कार्तिक सुहाग एमस - एसएल 4 - एसएल 3, शांतिया विश्वनाथन डब्लयूएस -एसयू-5 में, प्रेमचंद पोटनुरु एमएस - एसएच 6,. नित्या श्री सुमति सिवन, कार्तिक सुहाग एमएस -एसएल 3 ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं अभिजीत सखूजा और विजेंद्र एमडी एसएल 4 - एसएल 3में, विजेंद्र एमएस-एसएल 3 में और अभिजीत सखूजा एमएस - एसएल 4 में रजत पदक जीते।

- भारतीय एथलीटों ने आठ खेलों में लिया था भाग

# फीफा विश्व कप टिकटों की रिकॉर्ड मांग

## 200 से अधिक देशों से 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन



**ज्यूरिख, 13 दिसंबर।** फुटबॉल का सबसे बड़ा महाकुंभ कहे जाने वाले फीफा विश्व कप 2026 को लेकर दुनिया भर के प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण टिकट बिक्री के तीसरे चरण में सामने आया है, जहां महज 24 घंटे के भीतर 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं।

- फुटबॉल की दीवानगी चरम पर

फीफा ने शनिवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फुटबॉल प्रेमियों ने फीफाडॉटकॉम/टिकट्स के जरिए टिकट पाने के लिए आवेदन किया है। यह आंकड़ा साफ तौर पर बताता है कि कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को लेकर दुनिया भर में किस कदर उत्साह है। खास बात यह है कि फीफा विश्व कप 2026 पहली बार 48 टीमों के साथ खेला जाएगा, जिससे न केवल मैचों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि अधिक देशों और प्रशंसकों को इस वैश्विक मंच पर अपनी पसंदीदा टीमों को खेलते देखने का मौका मिलेगा। फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई के बीच किया जाएगा।

## एक नजर में

### ऑस्कर ने फुटबॉल से लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो.** साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने हृदय संबंधी बीमारी का पता चलने के बाद पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। ब्राजील के ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीय ऑस्कर ने अपने करीबी लोगों को अपने फैसले के बारे में बताया और पिछले महीने हुई एक घटना के बाद आगे की जटिलताओं का जोखिम न उठाने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रहना पड़ा था। ऑस्कर पिछले दिसंबर में चेल्सी और शंघाई पोर्ट के साथ सफल कार्यकाल के बाद तीन साल के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब साओ पाउलो में लौटे थे। जुलाई में चोटों के कारण वह इस साल केवल 21 मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने दो गोल किए। पूर्व ब्राज़ील इंटरनेशनल खिलाड़ी आने वाले दिनों में साओ पाउलो के अधिकारियों से मिलने की उम्मीद है ताकि 2027 तक चलने वाले अनुबंध को खत्म किया जा सके। समझा जाता है कि साओ पाउलो उन्हें मैदान से बाहर की भूमिका देने पर विचार कर रहा है।



### होबार्ट हरिकेंस महिला टीम ने जीता खिताब

**होबार्ट.** लिजेल ली (नाबाद 77) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर होबार्ट हरिकेंस महिला टीम ने शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में पर्थ स्कॉर्चर्स महिला को 30 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर वूमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 का पहला खिताब अपने नाम किया। बैलेरीव ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पर्थ स्कॉर्चर्स ने निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 137 रन बनाए। केटी मैक ने बेथ मूनी के साथ 5 .4 ओवरों में 36 रन जुटाए। कैटी 21 गेंदों में 17 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद बेथ मूनी ने मैडी डार्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 12 रन जोड़े। कप्तान सोफी डिवाइन ने 29 गेंदों में (34), बेथ मूनी ने 26 गेंदों में (33) तथा फ्रेया केम्प ने 10 रन बनाये। पी स्कोफील्ड ने 22 गेंदों में नाबाद 27 रनों की पारी खेली। होबार्ट हरिकेंस महिला टीम के लिए लिंसी स्मिथ और हीदर ग्राहम ने 2-2 विकेट लिये जबकि लॉरेन स्मिथ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी होबार्ट हरिकेंस ने महज 15 ओवरों में दो विकेट पर 141 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। लिजेली ली और डेनियल व्याट-हॉज की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 5 .2 ओवरों में 49 रन जोड़े। डेनियल 15 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुई, जिसके बाद लिजेली ली ने नैट साइवर-ब्रंट के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़ते हुए टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसी दौरान 14वें ओवर की तीसरी गेंद पर नैट साइवर ब्रंट आउट हो गई। नैट साइवर-ब्रंट 27 गेंदों में चार चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 35 रन बनाये।

# पेस- भूपति टीपीएल सीजन 7 में एक साथ दिखे



**अहमदाबाद, 13 दिसंबर** क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रायोजित टेनिस प्रीमियर लीग के चौथे दिन भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में और एसजी पाइपर्स बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी महेश भूपति अपनी टीम के समर्थन में लीग के चारकोल ग्रे कोर्ट पर एक साथ दिखे गये।

इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर वर्ल्ड नंबर 1 बने हैं और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे हैं।

### सानिया, रोहन, महेश सहित सभी सितारों का आभारी : पेस

इस दौरान अपनी खुशी इजहार करते हुए पेस ने कहा, 'अहमदाबाद में होना बहुत अच्छा लग रहा है। सबसे पहले तो मौसम शानदार है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना पूरे देश में टेनिस का विस्तार करने और उसे लोकप्रिय बनाने के सपने का हिस्सा है।' उन्होंने कहा, 'मैं सानिया, रोहन, महेश और उन सभी सितारों का बहुत आभारी हूं जो लीग को सपोर्ट करते हैं। जब आप खिलाड़ियों को देखते हैं, तो हमने जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के और लड़कियों को एक साथ लाने में कामयाबी हासिल की है और इसमें एक अंतरराष्ट्रीय फ्लेवर भी जोड़ा है। टेनिस जगत के पूरे समुदाय का यहा एक साथ आना खास है।'

# चिन्नास्वामी स्टेडियम को मिली मैच की अनुमति

**बेंगलुरु 13 दिसंबर** कर्नाटक सरकार ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की अनुमति दे दी है और इससे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी अवगत करा दिया गया है।

यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आयी है। प्रसाद और उपाध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर ने इस सप्ताह की शुरुआत में बेलगावी में राज्य के विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात सार्थक रही। इस फैसले का त्वरित परिणाम यह होगा कि विराट कोहली चिन्नास्वामी में खेल सकेंगे क्योंकि केएससीए सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से दिल्ली के मुकाबलों को अलूर से यहां स्थानांतरित करने का विचार कर रहा है। कोहली और ऋषभ पंत दोनों ही विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं और वह पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

- कर्नाटक सरकार का फैसला

# क्रिकेट पर फिर लगा मैच फिक्सिंग का दाग

## भारत के 4 खिलाड़ी तत्काल प्रभाव से सस्पेंड

**नई दिल्ली 13 दिसंबर.** क्रिकेट जगत एक बार फिर मैच फिक्सिंग की घटना के कारण शर्मसार हो गया है. इस बार भारतीय घरेलू क्रिकेट में मैच फिक्सिंग की घटना सामने आई है. शुक्रवार को असम क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सनातन दास ने मीडिया को बताया कि चार खिलाड़ियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है. इन चार खिलाड़ियों के नाम अमित सिन्हा, ईशान अहमद, अमन त्रिपाठी और अभिषेक ठाकुरी हैं.

सनातन दास ने बताया कि ये 4 खिलाड़ी क्रिकेट में भ्रष्टाचार संबंधी गतिविधियों में शामिल थे. यह मामला सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 का है. असम क्रिकेट एसोसिएशन (ACA) के सचिव सनातन दस ने अपने स्टेटमेंट में बताया, ये 4 क्रिकेटर, जो अलग-अलग स्तर पर असम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. इन 4 खिलाड़ियों पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में असम के लिए खेले कुछ खिलाड़ियों को प्रभावित करने और उकसाने का आरोप है. इन आरोपों के सामने आते ही क्ष्ष्टद्ब की एंटी-करप्शन यूनिट ने इस मामले की जांच की. एसीए ने आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी है. एसीए ने बताया कि उसने मैच फिक्सिंग में संलिप्त चार खिलाड़ियों के खिलाफ गुवाहाटी की क्राइम ब्रांच में एफआईआर भी दर्ज करवा दी है. असम की टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-ए में रखा गया था. भारत के स्टार क्रिकेटर रियान पराग भी इसी टीम से खेलते हैं. असम की टीम 7 मैचों में सिर्फ तीन जीत दर्ज कर पाई और टीम अपने ग्रुप में शामिल आठ टीमों में 7वें स्थान पर रही. बताते चलें कि मैच फिक्सिंग मामले में जिन 4 खिलाड़ियों का नाम सामने आया, उनमें से कोई भी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में असम के स्क्वाड का हिस्सा नहीं था.

> बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने ऐसी गतिविधियों में संलिप्त खिला?ियों को चेतावनी दी है. सैकिया ने स्पष्ट तौर पर कहा कि ऐसी हरकतें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी.



## अंडर-19 एशिया कप

# श्रीलंका ने नेपाल को रौंदा

**दुबई, 13 दिसंबर।** अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में श्रीलंका की अंडर-19 टीम ने नेपाल को एकतरफा अंदाज में आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। श्रीलंकाई गेंदबाजों की घातक शुरुआत के बाद बल्लेबाजों ने बेहद आसान लक्ष्य को बिना किसी दबाव के हासिल कर लिया। इस जीत के हीरो तेज गेंदबाज सेतमिका सेनेविरत्ने रहे, जिन्होंने शानदार अनुशासन और सटीक लाइन-लेंथ के साथ नेपाल की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का श्रीलंका का फैसला पूरी तरह सही साबित हुआ। नेपाल की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई और उसके बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सके। सेतमिका सेनेविरत्ने ने नई गेंद से ही विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान करना शुरू कर दिया। उन्होंने अपनी स्विंग और उछाल से नेपाल के शीर्ष क्रम को लगातार झटके दिए। परिणाम यह रहा कि नेपाल की टीम 28.5 ओवर में महज 82 रन पर सिमट गई। नेपाल की ओर से सिबरिन श्रेष्ठ ही कुछ देर तक संघर्ष कर सके और उन्होंने सर्वाधिक 18 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज साहिल पटेल ने 12 और नीरज कुमार यादव ने 10 रन का योगदान दिया, लेकिन इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका। नेपाल के कुल स्कोर में श्रीलंकाई गेंदबाजों का योगदान भी अहम रहा, क्योंकि अतिरिक्त के रूप में 19 रन दिए गए। श्रीलंका की ओर से सेतमिका सेनेविरत्ने ने 25 रन देकर पांच विकेट लेकर मैच पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया। महज 83 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम पूरी तरह आत्मविश्वास से भरी हुई नजर आई। दिमांता महाविताना ने 49 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 39 रन बनाए और टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया।

- सेतमिका सेनेविरत्ने ने 25 रन देकर झटके पांच विकेट
- नेपाल की पूरी टीम 28 .5 ओवर में 82 रन पर सिमटी
- श्रीलंका ने 211 गेंद शेष रहते आठ विकेट से मुकाबला जीता

**तनाव** | दूसरा टी20 हारने के बाद वायरल वीडियो ने मचाया तहलका

# गौतम गंभीर और हार्दिक पांड्या में हुई तकरार?



**नई दिल्ली 13 दिसम्बर.** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज एक-एक की बराबरी पर है. पहला मैच टीम इंडिया ने 9 विकेट से जीता, लेकिन मुल्लांपुर में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने वापसी करते हुए 51 रनों की बड़ी जीत दर्ज की. दूसरे टी20 मैच में टीम इंडिया की हार के बाद एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हार्दिक पांड्या और गौतम गंभीर एक-दूसरे से बात करते दिख रहे हैं.

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो अनुसार गौतम गंभीर और हार्दिक पांड्या की बहस हो रही है. हालांकि इस वीडियो क्लिप में कोई साफ आवाज नहीं आ रही है. इसलिए गंभीर और पांड्या के बीच बहस हो रही है या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती. मगर उनकी शारीरिक भाषा संकेत दे रही है कि उनके बीच कम से कम हास्यास्पद बातें तो नहीं हो रही हैं.

> टेस्ट में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन के कारण गौतम गंभीर पहले ही आलोचनाओं में घिरे हुए हैं. वहीं दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम टॉस जीतने के बाद भी 51 रनों के बड़े अंतर से हार गई थी. भारत को दूसरे टी20 मैच में 214 रनों का लक्ष्य मिला था. हार्दिक पांड्या जब बैटिंग करने आए, तब टीम इंडिया ने 7 .3 ओवर में 4 विकेट खोकर 67 रन बना लिए थे. उस समय भारत को जीत के लिए 150 से भी ज्यादा रन बनाने थे. पांड्या से उस समय टीम इंडिया को तेजतर्रार पारी की उम्मीद थी, लेकिन पांड्या 23 गेंद में सिर्फ 20 रन बना पाए. दूसरा टी20 हारने पर गौतम गंभीर की आलोचना क्यों हो रही है? दरअसल जब सामने 214 रनों का विशाल लक्ष्य था, तब नंबर-3 पर अक्षर पटेल को बैटिंग के लिए भेजा गया, जो पावरप्ले में बड़े शॉट्स नहीं लगा पाए और 21 गेंद में 21 रन ही बना पाए.

# दीपक हुड्डा संदिग्ध गेंदबाजी सूची में



**नयी दिल्ली 13 दिसंबर** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को 16 दिसंबर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के बारे में यह जानकारी दी। घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए खेलने वाले 30 साल के ऑलराउंडर हुड्डा पिछले आईपीएल सीजन की तरह ही अभी भी संदिग्ध सूची में बने हुए हैं। पार्ट-टाइम ऑफ-स्पिन गेंदबाज हुड्डा ने पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सात आईपीएल मैच खेले थे, लेकिन उनमें से किसी में भी गेंदबाजी नहीं की थी। हालांकि, उन्होंने तब से बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में छह ओवर फेंके हैं। रणजी ट्रॉफी में एक ओवर और चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पांच ओवर। आखिरी मैच उन्हें आठ दिसंबर को झारखंड के खिलाफ गेंदबाजी करते देखा गया था।

- 8 दिसंबर को झारखंड के खिलाफ की थी गेंदबाजी